पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2018-20 प्रकाशित: 16.08.2019 इस अंक का मूल्य 2 रूपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

दा... ों से अपील:
... परिषद् के कार्य व गतिवि... सहयोग करने हेतु खाता ... 205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली-110007, आई. एफ. एस. कोड-SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9868051444 पर एस.एम.एस कर दें जिससे रसीद भेजी जा सके। अग्रिम धन्यवाद सहित। — अनिल आर्य

वर्ष-36 अंक-06 भाद्रपद-2076 दयानन्दाब्द 196 16 अगस्त से 31 अगस्त 2019 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशित: 16.08.2019, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

ओ३म् स्थापना 3 जून 1978

जहां नहीं होता कभी विश्राम, आर्य युवक परिषद् है उसका नाम ...

यदि आप आर्य युवा शक्ति की कार्यप्रगति की एक झलक देखना चाहते हैं तो अवश्य पधारें



## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत)

## 41 वाँ वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन

बलमुपास्व

अध्यक्षता: डॉ. अशोक कुमार चौहान जी (संस्थापक अध्यक्ष, ऐमिटी शिक्षण संस्थान)

सानिध्य: स्वामी आर्यवेश जी (प्रधान, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा)

# राष्ट्रीय आर्य बुद्धिजीवी सम्मेलन

## रविवार, 1 सितम्बर 2019, प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक

**स्थान: योग निकेतन सभागार, 30-ए/78, पश्चिमी पंजाबी बाग, दिल्ली-26**

यज्ञ: प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक - ब्रह्मा: आचार्य गवेन्द्र शास्त्री जी

### विशेष आकर्षण

राष्ट्र की ज्वलन्त समस्याओं पर समान अचार संहिता, गौ रक्षा, जनसंख्या नियन्त्रण कानून में आर्य समाज की भूमिका पर वैदिक विद्वानों के औजस्वी विचार
देश के विभिन्न प्रान्तों से चुने हुए आर्य युवा प्रतिनिधियों का भव्य समागम

प्रातः राशः प्रातः 8 से 10 तक, ऋषि लंगर 1 से 2 तक, जलपान: सायं 5.00 से 5.30 तक

## आप सपरिवार इष्ट मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं

केन्द्रीय कार्यालय: आर्य समाज, टी-176-177, कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मंडी, दिल्ली-110007
E-mail: aryayouth@gmail.com, dkbhagat@gmail.com Website: www.aryayuvakparishad.com
join-http://www.facebook.com/groups/aryayouth/ दूरभाष: 9868051444,9958889970, 7703922101

# आर्य समाज प्रताप नगर दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न






मंगलवार 13 अगस्त 2019, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद ने आज आर्य समाज प्रताप नगर (अंधा मुगल) दिल्ली युवा संस्कार समारोह आयोजित किया गया। आचार्य गवेन्दर शास्त्री ने यज्ञ करवाया। मुख्य अतिथि जगदीश टाइटलर (पूर्व केन्द्रीय मंत्री) ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों से सामाजिक समरसता व राष्ट्रीय एकता के लिये कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के लिए कार्य करना आसान कार्य नहीं होता सचमुच तपस्वी सा जीवन होता है। श्री टाइटलर ने कहा कि आर्य समाज ने देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान दिया जिसे भुलाया नहीं जा सकता। समारोह अध्यक्ष केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने सभी को राष्ट्र रक्षा की शपथ दिलाई और उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है हमें राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिये समर्पित होकर कार्य करना है। राष्ट्र सुरक्षित रहेगा तो हम सब रहेंगे। समाज के मंत्री केवल कृष्ण सेठी ने कुशल संचालन किया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए और प्रवीन आर्या के मधुर गीत हुए। विधायक सोमदत्त, पूर्व पार्षद सतीश जैन, गुलशन राय, राजेन्दर सिंह अहलूवालिया, सरदार दलीप सिंह, संजीव सबरवाल, पी डी शर्मा, देवेन्द्र भगत, डॉ रवि कान्त, राकेश आर्य ,अमित शर्मा, कमल शर्मा, प्रिंसीपल ज्योति शर्मा, आचार्य महेन्द्र भाई आदि उपस्थित थे।

# बस्ती विकास केन्द्र सुल्तान पुरी दिल्ली में युवा संस्कार समारोह का भव्य आयोजन







सोमवार 12 अगस्त 2019, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद सुल्तान पुरी मंडल के तत्वावधान में बस्ती विकास केन्द्र सुल्तान पुरी दिल्ली में "युवा संस्कार समारोह" का भव्य आयोजन किया गया। यज्ञ करके 101 बच्चों ने माँस, अंडा,नशा आदि दुर्व्यस्न त्यागने की प्रतिज्ञा ली और यज्ञोपवीत धारण किया। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि नशा जीवन को बर्बाद कर देता है। यज्ञ करके इन दुर्व्यस्नों को जीवन से त्यागने का संकल्प लें और माता पिता का अभिवादन करके उनका सम्मान करें। सभी को पौधे वितरण करके पर्यावरण शुद्धि का भी संकल्प दिलवाया गया। देश के शहीदों को याद करते हुए राष्ट्र भक्त बनने का आह्वान किया गया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षा विद राधा भारद्वाज ने की , उन्होंने कहा कि हम नई पीढ़ी को संस्कारित करने का अभियान चलाते रहेंगे। प्रवीन आर्या के मधुर भजन हुए। कुशल संचालन दशरथ भारद्वाज ने किया। आर्य नेता धर्मपाल आर्य,पार्षद संजय खिलवारिया,बेबी जयराम,महेन्द्र टांक, ओमप्रकाश खरालिया आदि भी उपस्थित थे।

# सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल कबीर पुर सोनीपत में युवा संस्कार समारोह का आयोजन





शुक्रवार 9 अगस्त 2019, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद जिला सोनीपत के तत्वावधान में सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल कबीर पुर सोनीपत में युवा संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। 101 बच्चों ने यज्ञोपवीत धारण किया व यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सत्यप्रकाश आर्य ने दुर्व्यसनों को त्यागने का संकल्प दिलवाया। समारोह की मुख्य अतिथि कविता जैन (मंत्री हरियाणा सरकार) ने कहा की आज संस्कृति और संस्कारों की अत्यंत आवश्यकता है,चरित्र वान युवाओं पर ही राष्ट्र का भविष्य निर्भर करता है हमें अपने जीवन को उज्जवल बनाने का संकल्प लेना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की देश अपनी बुलंदियों को छुवेगा। उन्होंने कहा की आर्य युवक परिषद युवा निर्माण का सराहनीय कार्य कर रहा है। समारोह की अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने की, अनिल आर्य ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में आर्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा, हमें देश की रक्षा का संकल्प लेना है। उन्होंने प्रधानमंत्री का धारा 370 हटाने के लिए आभार व्यक्त किया। नयी युवा पीढ़ी महर्षि दयानंद के आदर्शों को जीवन में धारण करते हुए बढ़ते हुए पाखण्ड अन्धविश्वास के प्रति जनजागरण अभियान चलाए। श्री मति प्रवीन आर्या के मधुर भजन हुए। कुशल संचालन हरिचंद स्नेही ने किया व प्रान्तीय प्रभारी मनोहर लाल चावला ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामफल धुल, गुलशन लाल निझावन, हरबंसलाल अरोड़ा, संदीप बत्रा,आर सी बजाज,महेन्द्र शास्त्री,माधव सिंह आर्य,सहदेव सरस आदि उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष सूर्य देव शर्मा ने कहा कि युवा निर्माण अभियान निरन्तर चलता रहेगा।

# आर्य समाज,नगर शाहदरा, पूर्वी दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न





रविवार, 11 अगस्त 2019, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में आर्य समाज,नगर शाहदरा,पूर्वी दिल्ली में युवा संस्कार सोल्लास सम्पन्न हुआ । आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया व आचार्य ब्रह्मदेव वेदालंकार के प्रवचन हुए। मंत्री राजीव कोहली ने कुशल संचालन किया। संजय आर्य,महेश भार्गव आदि भी उपस्थित थे।

# श्रद्धा मंदिर स्कूल सेक्टर 87 फरीदाबाद में युवा संस्कार समारोह का भव्य आयोजन




शनिवार 10 अगस्त 2019, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में श्रद्धा मंदिर स्कूल सेक्टर 87 फरीदाबाद में युवा संस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया गया। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवा कर 201 बच्चों को यज्ञोपवीत धारण करवाया, उन्होंने यज्ञ की महता पर प्रकाश डालते हुए अपने जीवन को परोपकारी व समाज के लिए समर्पित होने की प्रेरणा प्रदान की। समारोह के मुख्य अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा की श्रावणी पर्व आर्ष ग्रंथों और महापुरुषों के जीवन को पढ़ने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है सभी युवाओं को राष्ट्र रक्षा व देश की एकता अखंडता को सुरक्षित रखने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ता पाखण्ड अन्धविश्वास चिन्ता का विषय है। हमें इससे सतर्क और सजग रहने की आवश्यकता है। समारोह के अध्यक्ष डॉ गजराज सिंह आर्य (प्रधान, आर्य केन्द्रीय सभा, फरीदाबाद) ने कहा कि आर्य समाज नई युवा पीढ़ी को चरित्र वान व संस्कारवान बनाने का सराहनीय कार्य कर रहा है क्योंकि राष्ट्रभक्त युवाओं पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है। उन्होंने बच्चों को राष्ट्र रक्षा की शपथ दिलाई । प्रवीन आर्या(दिल्ली) के मधुर भजन हुए। शिक्षाविद विजय कुमार आर्य, माधव सिंह आर्य, मधु चौहान, राजकुमार आर्य, पूजा, शिवाली, ज्योति मनीष आदि भी उपस्थित थे।

# आर्य समाज सेक्टर 33 नोएडा में श्रावणी पर्व सोल्लास मनाया गया




रविवार 4 अगस्त 2019, आर्य समाज सेक्टर 33 नोएडा में श्रावणी पर्व सोल्लास मनाया गया। ब्रह्मचारियों का यज्ञोपवीत संस्कार हुआ। यज्ञ के वैदिक विद्वान डॉ जयेन्द्र आचार्य ने यज्ञ की महिमा और यज्ञोपवीत की महत्ता पर प्रकाश डाला। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा की पुरातन भारतीय संस्कृति पर हमें गर्व करना चाहिए यह सदैव नई प्रेरणा और उत्साह का संचार करती है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम और कृष्ण हमारी संस्कृति के आधार स्तंभ है। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्य वेश ने कहा की उपनयन संस्कार के पश्चात ब्रह्मचारी आचार्य के सानिध्य में रह कर शिक्षा का शुभारंभ करता है। जो उसके जीवन को सर्वोच्च ऊचाइयों पर ले जाते हैं। डॉ वीरपाल विद्यालंकार, बहिन गायत्री मीना,मनोहरलाल सरदाना, विजेन्द्र कथपालिया, सुधीर सिंघल ने भी अपने विचार रखे।

# आर्य समाज राज नगर गाजियाबाद में वेद प्रचार सम्पन्न




रविवार 4 अगस्त 2019, आर्य समाज राज नगर में गत पांच दिनों से चल रहे वेद प्रचार कार्यक्रम का भव्य समापन हो गया। वैदिक विद्वान आचार्य चंद्र देव शास्त्री ने वेदों की शिक्षाओं पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैदिक सिद्धान्त सर्वश्रेष्ठ हैं हमे उन्हें जीवन में अपनाना चाहिए। आचार्य मोहित शास्त्री के मधुर भजन हुए। आचार्य दिवाकर जी ने भी जीवन को उन्नत बनाने के लिए कहा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा की श्रावणी पर्व आर्ष ग्रन्थों व वेद की शिक्षाओं को पढ़ने और जीवन में आत्म सात करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संस्कारित युवा पीढ़ी पर ही राष्ट्र का भविष्य टिका है। आज राष्ट्र को चरित्र वान संस्कारित युवाओं की आवश्यकता है। राष्ट्र निर्माण में भी युवाओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। परिषद के प्रांतीय महामंत्री प्रवीन आर्य ने बताया की 10 अगस्त से 18 अगस्त तक 44 युवा संस्कार कार्यक्रम होंगे और रविवार 18 अगस्त को गुरुकुल गाजियाबाद में भी 101 युवाओं को यज्ञोपवीत धारण करवाया जायेगा । समाज के मंत्री सत्यवीर चौधरी ने कुशल संचालन किया व श्रद्धा नन्द शर्मा ने आभार व्यक्त किया ।डॉ आर के आर्य,सुभाष गुप्ता,के के यादव, सत्यपाल आर्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# यमुना नगर (हरियाणा) में सत्यार्थ भवन का उद्घाटन




रविवार, 11 अगस्त 2019,सत्यार्थ सेवा संस्थान द्वारा यमुना नगर,हरियाणा में सत्यार्थ भवन के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया गया। समारोह की अध्यक्ष केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने की व कुशल संचालन सौरभ आर्य ने किया। स्वामी सच्चिदानन्द जी,राकेश ग्रोवर आदि ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया । देश के विभिन्न प्रान्तों से प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

**बधाई**

**धारा 370 हटाने पर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमन्त्री मन्त्री अमित शाह और भारत वासियों को ढेर सारी बधाई–अनिल आर्य**

## शोक समाचारः विनम्र श्रद्धांजलि

1. श्रीमती सुषमा स्वराज (पूर्व केन्द्रीय मंत्री) का निधन।
2. श्री कुलदीप तनेजा (आर्य समाज, अशोक विहार–1) का निधन।
3. श्रीमती भागवन्ती देवी(माता नरेन्द्र कालरा,रोहिणी) का निधन।


**आर्य जनता का विश्वास है हमारे साथ!!!**

# बहरोड़ (राजस्थान) में युवा संस्कार समारोह सोल्लास सम्पन्न




रविवार, 11 अगस्त 2019,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् राजस्थान के तत्वावधान में महर्षि दयानन्द योगधाम,बहरोड़ में ठाकुर विक्रम सिंह जी की अध्यक्षता में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। डा.आनन्द कुमार(आई.पी.एस) ने भी अपने विचार रखे। कुशल संचालन प्रान्तीय अध्यक्ष रामकृष्ण शास्त्री ने किया।

# आर्य समाज, वजीरपुर जे.जे.कालोनी में युवा संस्कार सम्पन्न




रविवार, 11 अगस्त 2019,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में आर्य समाज,वजीरपुर जे.जे.कालोनी,दिल्ली में आचार्य प्रेमपाल शास्त्री की अध्यक्षता में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। समाज के मंत्री श्री भूदेव आर्य को सम्मानित करते आचार्य प्रेमपाल शास्त्री,सन्तोष शास्त्री,वीरेश आर्य,रामकुमार आर्य,राधेश्याम आर्य।

# आर्य समाज, मोती बाग,नई दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न





मंगलवार, 13 अगस्त 2019,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में आर्य समाज,मोती बाग,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सोल्लास सम्पन्न हुआ। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया। समाज के प्रधान महावीरसिंह आर्य,मंत्री सुरेन्द्र गुप्ता,आचार्य दयानन्द शर्मा,ओमवीर सिंह,के.एल.राणा,शिक्षक सौरभ गुप्ता,कुरूणा शर्मा,सरस्वती आर्या आदि भी उपस्थित थे।

# गौसेवक समाज, सदर बाजार व आर्य समाज, महावीर नगर में युवा संस्कार सोल्लास सम्पन्न




मंगलवार, 13 अगस्त 2019,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में गौसेवक समाज,सदर बाजार,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह व तिंरगा यात्रा सोल्लास सम्पन्न हुई,आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया,प्रवीन आर्या के मधुर भजन हुए व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने औजस्वी विचार रखे। मण्डल अध्यक्ष गोपाल जैन ने कुशल संचालन किया । द्वितीय चित्र–रविवार, 11 अगस्त 2019,आर्य समाज,महावीर नगर,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह प्रधान यशपाल आर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। आचार्य मायाराम शास्त्री ने यज्ञ करवाया । परिषद् के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष धर्मपाल आर्य,दिनेश आर्य,के.एल.राणा,ओमनरेन्द्र विज,राजपाल पुलियानी आदि भी उपस्थित थे।

# आर्य समाज,गुरूकुल ब्रह्मपुरी,पूर्वी दिल्ली में युवा संस्कार सोल्लास सम्पन्न




बुधवार, 14 अगस्त 2019,आर्य समाज,गुरूकुल,ब्रह्मपुरी,पूर्वी दिल्ली में स्वामी विश्वानन्द जी की अध्यक्षता में युवा संस्कार समारोह सोल्लास सम्पन्न हुआ । परिषद् अध्यक्ष अनिल आर्य का औजस्वी उद्‌बोधन हुआ । आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया । आचार्य सुन्दर शास्त्री ने कुशल संचालन किया। मंत्री टुकीराम भारद्वाज ने आभार व्यक्त किया ।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**, 2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970